प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- महिलाओं और बच्चों के विकास तथा कल्याण के उद्‌देश्य से उदयपुर में आयोजित चिंतन शिविर का केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज औपचारिक उद्‌घाटन करेंगी।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि तीन चार महीनों में तेल रिफाइनरी का काम शुरू होगा ।
- प्रदेश में अब 15 जनवरी तक तबादले किये जा सकेंगे।
- राज्य में मौसम का मिज़ाज बदला–कई स्थानों पर हल्की बरसात और शीतलहर।

00000

देश में महिलाओं और बच्चों के समेकित विकास तथा कल्याण के लिए उदयपुर में चिंतन शिविर आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज इस शिविर का औपचारिक उद्‌घाटन करेंगी। इस चिन्तन शिविर में भाग लेने के लिए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित देश भर से महिला और बाल विकास मंत्री, सचिव और वरिष्ठ अधिकारी उदयपुर पहुंचे। शिविर में मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम मिशन वात्सल्य, शक्ति, पोषण और सक्षम आगंनबाड़ी मिशन पर सत्र भी हो रहे हैं। इस बीच उदयपुर पंहुचने पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने लघु उद्योग भारती की ओर से लगाई गई इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों को मजबूती देने के लिए तरह–तरह के नवाचार हो रहे है।

-----

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि आने वाले तीन–चार महीने में रिफाइनरी का काम शुरू हो जायेगा। इससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और बडी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। श्री शर्मा ने कल पचपदरा में रिफाइनरी प्लांट के अवलोकन के बाद ये बात कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान पेट्रोलियम उद्योग में तेजी से कदम बढा रहा है तथा राज्य में रोजाना 3.3 मिलियन घनमीटर प्राकृतिक गैस का उत्पादन हो रहा है।

-----

मुख्यमंत्री ने कल बाडमेर में मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल में मंगला वेल पैड–21 का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने टर्मिनल का जायजा लिया। अधिकारियों को गुणवत्ता नियंत्रण और कर्मचारी सुरक्षा की कडाई से पालना करने के निर्देश दिए। इस दौरान उद्योग और वाणिज्य राज्यमंत्री के. के. विश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि अगले साल भारत में आयोजित होने वाले 25वे कॉमनवेल्थ देशों की संसदों के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन–**सीएसपीओसी** में संसदों के कामकाज में एआई और सोशल मीडिया के प्रयोग पर जोर दिया जायेगा। उन्होंने कल ब्रिटेन में सीएसपीओसी की स्टेन्डिंग कमेटी की बैठक के दौरान ये बात कही। श्री बिरला ने कहा कि भारत दुनिया में आर्थिक तौर पर सबसे तेजी से बढता हुआ देश है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले साल की बैठक में देश की विरासत और प्रगति का अनुभव दुनियाभर के नेता कर सकेंगे।

00000

प्रदेश में अब 15 जनवरी तक तबादले किए जा सकेंगे। इसके लिए प्रशासनिक सुधार और समन्वय विभाग ने आदेश जारी किया है। आदेश में तबादलों पर लगी रोक को हटाने की अवधि को पांच दिन और बढ़ा दिया गया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मंजूरी के बाद यह निर्णय लिया गया है। इससे पहले बीते वर्ष 30 दिसंबर को 10 जनवरी तक के लिए तबादलों पर से रोक हटाई थी।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राष्ट्रीय युवा दिवस पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री देशभर के तीन हजार ऊर्जावान नेताओं से बातचीत करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री प्रतिभागियों द्वारा दस विषयों पर लिखे गए सर्वश्रेष्ठ निबंधों का संकलन भी जारी करेंगे। इनमें प्रौद्योगिकी, संधारणीयता, महिला सशक्तिकरण, विनिर्माण और कृषि जैसे विषय पर निबंध शामिल हैं। इस बीच प्रदेश में भी कल राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में रोजगार उत्सव का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इस उत्सव में साढे 13 हजार से ज्यादा युवाओ को विभिन्न विभागों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपेगे। इनमें चिकित्सा, वित्त, गृह, राजस्व तथा शिक्षा विभाग में विभिन्न नियुक्तियां शामिल हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री 31 हजार करोड़ रूपये के 76 हजार से ज्यादा विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। वहीं जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में चल रहे राज्यस्तरीय युवा महोत्सव के समापन के अवसर पर कल मुख्यमंत्री विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस दौरान श्री शर्मा युवा साथी केन्द्र का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को यूथ आईकन अवार्ड से नवाजेंगे।

00000

महिला अधिकारिता विभाग की ओर से करौली में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए राजस्थान मरू उडान कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान महिलाओं को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, कौशल विकास, आत्मरक्षा तथा ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

-----

00000

प्रदेश में आज सुबह से ही कई स्थानों पर तेज हवा चलने के साथ बूंदाबांदी हो रही है। अजमेर में कई क्षेत्रों में सर्द हवाओं के साथ बरसात हुई। चूरू में रात से ही रूक–रूक कर हल्की बरसात हो रही है। बाडमेर में कल देर शाम मौसम का मिजाज बदला और बूंदाबांदी हुई। वहां अभी भी बादल छाये हुए है। भीलवाडा में भी सुबह से ही बादल छाये हुए है। जैसलमेर में रिमझिम बरसात होती रही। राजधानी जयपुर में कल शाम से ही सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढा दी है। नागौर में रात से मौसम में बदलाव हुआ और बारिश हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि नागौरी पान मैथी की कटी हुई फसल को इस बारिश से नुकसान हो सकता हैं।

-----

इस बीच कई इलाकों में आज घना कोहरा छाया हुआ है। भरतपुर में कोहरे से यातायात प्रभावित हो रहा है। हनुमानगढ़ में कोहरे के साथ शीतलहर ने सर्दी का असर बढा दिया है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों मे हल्की बारिश और कहीं–कहीं ओले गिरने की संभावना है।

00000